हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि

पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई



## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने सुनी पीएम की मन की बात

**सौंसर।** रविवार को मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत सौसर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने भाजपा कार्यकर्ता एवं नेताओं की उपस्थिति में लोगों के द्वारा टेलीविजन के माध्यम से मन की बात सुनी और देखी गई, लोधीखेड़ा मंडल के ग्राम बोरगांव के बूथ संख्या 213 में कार्यकर्ताओं के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का प्रेरणादायक ₹मन की बात₹ कार्यक्रम को सुना। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने बताया यह कार्यक्रम न केवल देशवासियों को जोड़ता है, बल्कि हमें नई ऊर्जा और दिशा भी प्रदान करता है। प्रधानमंत्री जी के विचार समाज सेवा, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण की राह पर हर व्यक्ति को प्रेरित करते हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन सौसर रामाकोना, मोहगाव हवेली, पारड़सिंगा बोरगांव, के अलावा अनेक ग्रामों में हुआ।

### भाजीपानी की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन

**परासिया :-** प्रगति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन भाजीपानी म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन , विकासखंड परासिया द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 27 सितम्बर 2025 को संगीतालय भवन परासिया में किया गया । इस अवसर पर लगभग 500 से अधिक समूह सदस्य विभिन्न ग्राम संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों से सम्मिलित होकर सक्रिय भागीदारी निभाई ।वार्षिक साधारण सभा में अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेत्री परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , जनपद पंचायत परासिया की अध्यक्ष आशा आम्रवंशी , जनपद पंचायत परासिया के उपाध्यक्ष जमील खान उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया । इसके पश्चात प्रार्थना एवं भक्ति गीत, प्रस्तुत किए गए । सर्वप्रथम प्रगति महिला आजीविका CLF की अध्यक्ष रंजीता यादव के द्वारा सी एल एफ का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई ।

### नगर निगम के सम्पत्ति कर काउंटर पर वित्तीय अनियमितता उजागर

# रोजगार सहायक सूर्यवंशी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश, बाकी पर चल रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा




नगर निगम छिंदवाड़ा के सम्पत्ति कर वसूली काउंटर पर वित्तीय अनियमितता का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। निगम के मुख्य काउंटर पर पदस्थ रोजगार सहायक श्रीमती प्रीति सूर्यवंशी द्वारा ई-नगर पालिका पोर्टल पर विभिन्न कर्मचारियों की आईडी का उपयोग कर लगभग 5,34,799/- की राशि नागरिकों से वसूल कर रसीदें जारी की गईं, किन्तु उक्त राशि तत्काल निगम कोष में जमा नहीं की गई।वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने पर संबंधित राशि बाद में सीधा निगम के बैंक खाते में जमा कराई गई, जिससे अनियमितता की पुष्टि हुई। मामले की जांच नगर निगम के राजस्व अधिकारी महेश प्रसाद साहू द्वारा की गई, जिसमें श्रीमती सूर्यवंशी प्रथम दृष्टया दोषी पाई गईं। जांच प्रतिवेदन के आधार पर निगम निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने राजस्व अधिकारी श्री साहू को थाना कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया है। निगमायुक्त के आदेश कर प्रीति सूर्यवंशी के विरुद्ध शासकीय धनापहरण एवं कर्मचारियों की आईडी के दुरुपयोग के प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। करदाताओं की राशि सुरक्षित, शत प्रतिशत दर्ज है पोर्टल पर रिकॉर्ड नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि करदाताओं द्वारा संपत्ति कर हेतु भुगतान की गई राशि निकाय के कोष में प्राप्त की गई है। इसके साथ ही सभी रसीदों की पोस्टिंग ई नगर पालिका पोर्टल पर उपलब्ध है। आयुक्त ने बताया कि करदाता ऑनलाइन सीधे ई नगर पालिका पोर्टल के माध्यम से भी संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। गबन के इस बड़े मामले को रफादफा करने की चर्चाएं जोरों पर ही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कोई बड़ी कार्यवाही शायद न की जाए परंतु प्रीति सूर्यवंशी पर ही गबन का ठीकरा फोड़ना कितना उचित है यह तो वक्त ही बताएगा परंतु इतने बड़े गबन के मामले में केवल रोजगार सहायक पर जिम्मेदारी थोप देना कितना सही है यह तो वक्त बताएगा क्योंकि अन्य कर्मचारियों के अलावा स्टोर के रसीद बाबू भी संदेह के घेरे में है। इसके साथ ही उन्होंने सभी लेन देन की रसीद काउंटर से प्राप्त करने की अपील भी करदाताओं से की। शासन की योजना अनुसार 30 सितंबर तक सम्पत्ति कर में 6.25% की छूट प्रदान की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सीपी राय का कहना है कि संदेहों के घेरे में आए बाकी कर्मचारियों की भी जांच चल रही है। जिम्मेदारी तय होने पर उनके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर धरमटेकड़ी मंडल 1 छिंदवाड़ा की हुई बैठक

# 15 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक चलने वाले कार्यक्रम की बनी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

धर्म टेकरी नगर मंडल एक छिंदवाड़ा के अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने बताया की नगर मण्डल एक की मंडल कार्यशाला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा मे आयोजित की गयी, जिसमे मुख्य रूप से नगर मण्डल पदाधिकारी, पार्षद, सभापति, बूथ के अध्यक्ष, मंडल के कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे । बैठक को संबोधित जिला महामंत्री विजय पाण्डे, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने किया । जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला सहसयोजक अजय सक्सेना ने बताया कि दिनांक 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक मंडल सम्मेलन किया जाएगा । दिनांक 16 नवम्बर से 30 नवंबर तक महिला एवं युवा सम्मेलन मंडल में किया जाएगा तथा 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक स्ट्रीट वेंडर/छोट दुकानदार एवं स्थानीय कारीगर सम्मेलन एवं संपर्क कार्यक्रम करना है । भाजपा जिला महामंत्री विजय पांडे ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का विस्तार है, जिसका लक्ष्य भारत की सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है । यह अभियान 25 सितम्बर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारंभ हुआ है जो 25 दिसम्बर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलेगा । भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने उपस्थित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सभी कार्यक्रम सुचारू रूप से करने को कहा तथा इसका प्रचार-प्रसार वाट्सअप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम सहित विभिन्न माध्यमों से करने की बात कही और उक्त कार्यक्रम हेतु प्रभारी भी बनाए गए साथ ही आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत होने वाले आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गयी ।

# कलेक्टर ने चोपना में किया होम स्टे का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

साल के पेड़ों से हरा-भरा जंगल...सूरज की किरणों में चमकती ओस की बूंदें...उछल-कूद मचाते बंदरों का झुंड और मनभावन मोर का नृत्य...यह दृश्य था होम स्टे के लोकार्पण का, छिंदवाड़ा में पर्यटन ग्राम चोपना में प्राकृतिक सुंदरता के बीच बने ग्रामीण होम स्टे का उद्घाटन कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार, जुन्नारदेव एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर, तामिया जनपद सीईओ सुश्री मोनिका झारिया, तहसीलदार श्री उमराज वालरे, डीएटीसीसी के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत, पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संस्था विलेज-वे के सहयोग से छिंदवाड़ा-भोपाल रोड पर बसे पर्यटन ग्राम चोपना में छह होम स्टे का निर्माण करवाया जा रहा है, इसमें तीन का शुभारंभ कलेक्टर श्री सिंह ने किया। चोपना पहुंचे कलेक्टर श्री सिंह व सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार का स्वागत परंपरागत रूप से किया गया और बाजे-गाजे के साथ उन्हें होम स्टे तक ले जाया गया। होम स्टे के लोकार्पण के बाद कलेक्टर श्री सिंह ने संचालकों को पर्यटकों से बेहतरीन व्यवहार करने के टिप्स दिए।

### घी और मावे के लिए मशहूर है चोपना

कलेक्टर श्री सिंह ने चखा मावा व घी- मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने विलेज-वे संस्था के साथ मिलकर चोपना में होम स्टे बनवाए हैं, यह गांव शुद्ध देशी घी और मावे के लिए प्रसिद्ध है। ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री सिंह के सामने मावा-घी रखा, जिसे उन्होंने भावपूर्ण रूप से चखा। साथ ही इसकी मार्केटिंग बड़े शहरों में करने और बड़े व्यापारियों को सप्लाई करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### सड़क-बिजली-पानी की व्यवस्था हो सुचारू

कलेक्टर श्री सिंह ने पर्यटन ग्राम चोपना तक पहुंचने के लिए सड़क को तीन माह के भीतर दुरूस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली व पानी की उपलब्धता के लिए अधिकारियों से बात की। ग्रामीणों ने मोबाइल नेटवर्क की समस्या कलेक्टर श्री सिंह के सामने रखी, इसे जल्द ही ठीक करवाने का आश्वासन कलेक्टर श्री सिंह द्वारा दिया गया।



### आस्था और श्रद्धा का संगम, विधायक की चुनरी यात्रा ने दमुआ ब्लॉक में किया भ्रमण

**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर पर निकाली जाने वाली विधायक श्री सुनील उईके की चुनरी यात्रा अपने 13वें वर्ष में निरंतर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक बनी हुई है। यह यात्रा अब केवल धार्मिक आयोजन न रहकर, क्षेत्र की जनता की आस्था, परंपरा और एकता का प्रतीक बन गई है।22 सितम्बर को तामिया के नैना देवी मंदिर से प्रारम्भ हुई यह यात्रा तामिया एवं नवेगांव ब्लॉक के ग्रामों का भ्रमण करते हुए अब दमुआ ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों तक पहुँच चुकी है। 27 एवं 28 सितम्बर को आस्था एवं श्रद्धा का संगम बन चुकी चुनरी यात्रा दमुआ ब्लॉक के खपास्वामी, डुंगरिया, घोड़ावाड़ी, गोप तराई, राखिकोल, रामपुर तानसी सहित आसपास के ग्रामों में पहुँची। इस दौरान विधायक श्री उईके एवं उनके साथियों ने दुर्गा पंडालों में विराजी माँ दुर्गा को चुनरी एवं प्रसाद अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं विकास की मंगलकामनाएँ कीं।क्षेत्रीय नागरिक प्रतिवर्ष इस चुनरी यात्रा का बेसब्री से इंतजार करते हैं। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुजन चुनरी यात्रा का भव्य स्वागत करते हैं एवं मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण इसमें सम्मिलित होकर पुण्यलाभ अर्जित करते हैं।

# भाजपा नगर पातालेश्वर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आज

**छिन्दवाड़ा।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा छिंदवाड़ा नगर पातालेश्वर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार 29 सितम्बर को दीनदयाल रसोई प्रांगण गाँधी गंज मे आयोजित की गई है। इस दौरान नगर मंडल के पदाधिकारी गण एवं समस्त वरिष्ठ नेताओं,जनप्रतिनिधि,बूथ अध्यक्ष एवं कार्य समिति की उपस्थिति में कार्यशाला होगी। भाजपा छिंदवाड़ा नगर पातालेश्वर मंडल के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से भारत को आत्मनिर्भर, आर्थिक महाशक्ति बनाने के साथ ही देश मे स्वदेशी जागरण कों बढ़ावा देने हेतु चल रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के निमित्त भाजपा छिंदवाड़ा नगर पातालेश्वर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आज स्थानीय दीनदयाल रसोई प्रांगण गांधीगंज में शाम 4:00 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत मंडल के प्रभारी विजय झंझरी के साथ ही मंडल में निवासरत समस्त जिला पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि गण,मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी बूथ के पदाधिकारी एवं बूथ कार्यसमिति उपस्थित होगी। मंडल अध्यक्ष श्री शुक्ला ने समस्त अपेक्षित जनों से बैठक में उपस्थित होकर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाने में अपना योगदान देने का आग्रह किया है।

## अब पक्के मकान में रहेगी बंधा मोहल्ला की रजनी विश्वकर्मा

**परासिया :** वार्ड क्रमांक 13 बंधा मोहल्ला की रजनी विश्वकर्मा अब पक्के छत वाले मकान में रहेगी । प्रधानमंत्री आवास योजना से बने मकान का उद्घाटन नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने शनिवार को 12:00 बजे किया । रजनी विश्वकर्मा को मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से ढाई लाख रुपये प्रदान किए गए हैं ।इस अवसर पर परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , सीएमओ भरत गजबे , इंजीनियर राजेंद्र सोनी , नगर पालिका में सभापति सुषमा चौरसिया , पार्षद प्रतिमा वैश्य और नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना फेज 2 में परासिया नगर पालिका भूमिहीनों को मकान देगी ।मल्टी बनाकर मामूली शुल्क में भूमिहीन को मकान दिया जाएगा । उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत परासिया नगर पालिका में विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं ।विभिन्न वार्डों में सफाई की जा रही है । प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान का लोकार्पण भी किया गया है



## भवानी माता मंदिर में उमड़ रही भक्तों की भीड़



**सौंसर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर सौसर क्षेत्र में प्रातः से लेकर तो देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे है। सौसर नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मां जगत जननी की आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जहां पर सुबह-शाम हो रही आरती में बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचकर मां जगत जननी की आराधना कर रहे हैं। नगर के भवानी माता मंदिर में प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नगर वासियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी माता रानी के भक्त पहुंचकर महाप्रसाद का पुण्य लाभ ले रहे हैं।भवानी माता मंदिर परिसर में प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के द्वारा भंडारे में सहयोग किया जा रहा है। हाल में माँ भवानी माता मंदिर परिसर में उद्योगपति मोहन ताजने बोरगांव की ओर से विशाल भंडारे मे सहयोग किया गया।रात्रि की भव्य आरती एवं पूजन सम्पन्न होने के उपरांत माँ भवानी की कृपा से महाप्रसाद वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर मोहन ताजने के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर भंडारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान भवानी माता मंदिर कमेटी से जुड़े हुए चिंतामण डहाके,अतुल जुननकर,दिलीप बत्रा,ब्रजकिशोर चांडकमारोती लोनारे, सुभाष गुप्ता, अरविंद डहाके,विकास शर्मा सन्नी चड्डा शाम ठाकुर,नामदेव इवनाती आदि थे।

# करोड़ों की ठगी करने वालों पर पुलिस ने नहीं की कोई कार्यवाही

### पीड़ितों ने प्रेस कॉफ्रेंस कर एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी की रखी मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

चौरई में डीजी मुद्रा कनेक्ट कंपनी के द्वारा एक वर्ष में चार गुना रकम करने का झांसा देकर अपराधिक षड्यंत्र करने वालों पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर पीड़ितों ने पत्रकारवार्ता का आयोजन किया और अपनी बात रखते हुए कहा कि अनावेदकगणों में स्थानीय जितेंद्र उर्फ संजय ठाकुर निवासी चौरई के अलावा रामस्वरूप काव्या निवासी जयपुर, प्रकाशचंद्र जैन जयपुर और डीजी मुद्रा कनेक्ट कंपनी के संचालक रवि जैन ने षड्यंत्रपूर्वक करोड़ों रूपए की ठगी की है और इनसे चौरई क्षेत्र के पीड़ितों द्वारा लगभग 40 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। आवेदकगणों ने पुलिस से 18 सितम्बर को इनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए निवेदन किया है। जबकि अनावेदक रवि जैन और प्रकाश जैन के विरूद्ध भोपाल में एसटीएफ पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 3/2024 दर्ज कर कार्यवाही की गई है। वहीं जिले की पुलिस से भी यह निवेदन किया गया है कि जितेंद्र उर्फ संजय ठाकुर स्थानीय एजेंट था और इसी के कहने और विश्वास पर अधिकांश पीड़ितों ने अपने लाखों रूपए लगाए परंतु अब संजय ठाकुर और उसके सहयोगी पीड़ितों से मुंह मोड़ चुके है जबकि संजय स्वयं अपने आपको सत्ताधारी दल के नेता के रूप में प्रस्तुत करते हुए पीड़ितों से किसी भी प्रकार का सहयोग और बातचीत नहीं कर रहे है जिसकी वजह से पीड़ित चाहते है कि इन सबके विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जाए। आवेदनकर्ताओं में अवनीत गंगवाल, डॉक्टर अनिल वर्मा, दामोदर पाल, प्रदीप शर्मा, नीरज शर्मा, सुदीप जैन शामिल है। इसके अलावा भी बहुत से ऐसे गरीब और कम पढ़े लिखे लोग है जिन्होंने संजय ठाकुर पर भरोसा कर अपना सब कुछ गवां दिया। पुलिस अगर मामले में संज्ञान लेती है तो निश्चित रूप से पीड़ितों को राहत मिल सकने की संभावना है।



## पंचमुखी हनुमान मंदिर में लाखों के घोटाले की संभावना, पूर्व समिति सदस्यों पर उठाए सवाल

**छिंदवाड़ा।** श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के सदस्यों ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 20 जुलाई 2025 को नरेंद्र साहू को सर्वसहमति से अध्यक्ष निर्वाचित करते हुए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है क्योंकि उनका मानना है कि मंदिर के पूर्व सचिव रामकुमार सोनी ने कई प्रकार की आर्थिक अनियमितता की है और कोषाध्यक्ष के रूप में संकेत मैद को नियुक्त किया था। समिति के सदस्यों ने बार बार रामकुमार सोनी से पूर्व में किए गए आय व्यय की जानकारी मांगने पर उन्होंने सदस्यों के सामने कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं की और वे मंदिर के पारदर्शिता को लेकर संदेहों के घेरे में आ गए। भंडारगृह में सामान गायब होने का मामला हो या फिर दानपेटी से बिना सदस्यों के चोरी छिपे पैसे निकालने का मामला हो। इन सब मामलों को लेकर सदस्यों में भारी विरोधाभास सामने आया है। सारी बातें प्रस्ताव में लेने के बाद श्री रामकुमार सोनी और संकेत मैद द्वारा कॉल अटेंड नहीं करना और मंदिर के निर्माण में सार्वजनिक तौर पर दो करोड़ 40 लाख का फ्लैक्स लगाया जाना जैसे कई मुद्दों को सार्वजनिक किया गया जिससे यह साबित होता है कि आर्थिक लेनदेन के मामले में रामकुमार सोनी उनके द्वारा नियुक्त कोषाध्यक्ष संकेत मैद और उनके दामाद वीरेंद्र विश्वकर्मा द्वारा समिति के पैसों को अपने बैंक एकाउंट में ट्रांसफर कराया गया। कई लोगों से 21-21 हजार रूपए की राशि लेने के बाद भी उन्हें रसीदें नहीं दी गई। लाखों का चंदा अपने व्यक्तिगत एकाउंट में लेने के बाद उसका कोई हिसाब नहीं दिया गया। वर्तमान समिति के सदस्यों ने अपने आरोपों की पुष्टि के लिए पत्रकारवार्ता में दस्तावेज और वीडियोग्राफी का भी विवरण प्रस्तुत किया।

# सांसद श्री साहू ने किया नगर वन का शिलान्यास

### सांसद श्री साहू ने वन अधिकारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल के अंतर्गत परासिया परिक्षेत्र की रावनवाड़ा बीट में आज रविवार को छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में नगर वन का समारोहपूर्वक शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, डीएफओ पश्चिम वनमंडल श्री साहिल गर्ग, नगर पालिका परासिया अध्यक्ष श्री विनोद मालवी, उपाध्यक्ष श्री महेश सोनकुंवर उपस्थित थे। इसके अलावा श्रीमती ज्योति डेहरिया, श्री दविन्दर बल्लू नागी, श्री रिजवान कुरैशी, श्री राजू नरोटे, नगर पालिका सभापति श्री आशीष जायसवाल, श्री नरेन्द्र विश्वकर्मा, श्री सोनू पंडित, श्री रुपेन्द्र डेहरिया व श्री आबिद खान विशेष रूप से उपस्थित थे।

नगर वन के शुभारंभ अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद श्री साहू ने वन अधिकारी-कर्मचारियों, वन समिति सदस्यों एवं सीएम राइज स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ पौधारोपण किया। डीएफओ श्री गर्ग ने मंचीय उद्बोधन के दौरान नगर वन को लेकर शासन की मंशा एवं प्रकृति संरक्षण व मानव जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में अवगत कराया। डीएफओ श्री गर्ग ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर वन योजना के अंतर्गत विशेष पौधारोपण कराया जाना है। इसमें ओ टू पार्क, वाकिंग ट्रेल, साइकिल ट्रेक, नक्षत्र वन, औषधि वन, स्मृति वन, नमो वन बनाया जाएगा एवं 50 हेक्टेयर जमीन पर ईको पार्क बनेगा, इसमें नेचुरल प्लांटेशन का भी समावेश रहेगा। इस कार्यक्रम में एसडीओ परासिया श्री विजेन्द्र खोब्रागडे, एसडीओ तामिया श्रीमती सीमा ठाकुर, परासिया परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती अलका भूरिया, तामिया परिक्षेत्र अधिकारी श्री हिमांशु विश्वकर्मा मोजूद रहे।

## निगम द्वारा स्वच्छ स्ट्रीट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**छिंदवाड़ा।** प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी के जन्म दिवस पर 17 से 2 अक्टूबर तक नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा निगम महापौर विक्रम अहके एवंआयुक्त चंद्रप्रकाश राय के कुशल मार्ग दर्शन में स्वच्छता ही सेवा ही पखवाड़ा मनाया जा रहा है।जिसके दसवें दिवस नगर के वार्ड नंबर 32 दशहरा मैदान पोला ग्राउंड एवं वार्ड नंबर 26 छोटा तालाब सुभाष पार्क की चौपाटी पर लगी खाद्य दुकानों पर स्वच्छ स्ट्रीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, निगम से उमेश प्यासी, डॉक्टर सेवंती पटेल, अनिल लोट सहित सिद्धि विनायक बेस्ट मैनेजमेंट टीम एवं निगम स्वच्छता टीम ने दुकानदारों का इंटरव्यू लेकर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की साथ ही विविध प्रश्नोत्तर कर स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। इस अवसर सभी दुकानदारों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में नगर निगम छिंदवाड़ा का साथ देकर स्वच्छता को अपनी आदत में लाने का संकल्प लिया।

### शिविर के दौरान 692 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का किया वितरण

# सरकार का उद्देश्य है गरीबों और वंचितों की सेवा करना : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार जनसेवा और सामाजिक सुधारों को महत्व दे रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार मिलकर कल्याणकारी और जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला लगातार आयोजित कर रही है। सरकारी द्वारा कल्याणकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुँचाने, स्वच्छता को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा, जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण है कि राजनीति का उद्देश्य गरीबों और वंचितों की सेवा करना है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने 100 दिवसीय सेवा संकल्प और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार सेवा पखवाड़ा अभियान की श्रृंखला में मोठार में आयोजित 12 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपने संबोधन के दौरान कही। इस दौरान उन्होने कहा कि 100 दिन सेवा, संकल्प और स्वास्थ्य के अभियान के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र में प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर लगने वाले इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से हजारों लोग निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ

### शिविर में 692 मरीजों का हुआ उपचार

मोठार में शिविर के दौरान कुल 692 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 450 महिलाओं व बालिकाएं और 242 पुरूषों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। वहीं 04 गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा उचित इलाज के लिए रेफर किया गया। इस स्वास्थ्य शिविरों में ईएनटी, नेत्र, मधुमेह, दंत जांच, कैंसर मुख, स्तन, ग्रीवा, गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण सेवाएं, एनीमिया का स्तर, टेलीमानस सुविधाएं, टीबी जांच, मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नामांकन, आयुष्मान वय वंदना, सिकल सेल कार्ड, आभा आईडी पंजीकरण सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई।

### कार्यक्रम में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

स्वास्थ्य शिविर में परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल, उमरेठ मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद कुमरे, मोठार सरपंच श्रीमती लक्ष्मी भलावी, उप सरपंच डॉ फुलाराम चौधरी, बीजागोरा सरपंच गोपाल भलावी, फुटेरा सरपंच मनोज सूर्यवंशी, देवीसिंह राजपूत, संजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, रिजवान कुरैशी, विश्वेंद्र सिंह बैस, चंद्र भूषण सूर्यवंशी, बीरबल सूर्यवंशी, गोविंद पटेल, कमल प्रजापति, डॉ अरुण राव, अशोक पाल, रविशंकर बेलवंशी, जितेंद्र सूर्यवंशी, फूल सिंह पटेल, अकलेश पाल, बृज नागवंशी, जैकी नागवंशी, रामेश्वर नागवंशी, कृष्ण मोहन सूर्यवंशी, मुकेश सालवंशी, अरविंद डेहरिया आदि मौजूद रहे।

### मां काली पंडाल में लगातार पांचवें वर्ष भी निशुल्क रुद्राक्ष वितरण और विशाल भंडारे का आयोजन

# माँ काली के दरबार में भक्तों की होती है मनोकामना पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के चौरई नगर की धार्मिक परंपरा और आस्था का ऐसा अध्याय लिखा जा रहा है, जो पूरे देश के लिए सनातन संस्कृति की अद्वितीय झलक प्रस्तुत करता है। यहां मां काली के विशाल पंडाल "मन्नतों की मां काली" (सीतापर रोड, रेडियंट स्कूल के पास) में इस वर्ष भी 1 अक्टूबर 2025, बुधवार को निशुल्क रुद्राक्ष वितरण और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पिछले पांच वर्षों से लगातार किया जा रहा है और इसे छिंदवाड़ा जिले के धार्मिक इतिहास की अनूठी परंपरा माना जा रहा है।

## विशेष पूजन से सिद्ध रुद्राक्ष का वितरण

आयोजन समिति के अनुसार, रुद्राक्ष हरिद्वार से लाकर विशेष रूप से इंडोनेशिया से आए पवित्र दानों में से चयनित किए जाते हैं। इन रुद्राक्षों को मां काली पंडाल में दस दिन तक वैदिक मंत्रों और अनुष्ठानों द्वारा सिद्ध किया जाता है। इसके बाद भक्तों को पूरी तरह निशुल्क वितरित किया जाता है। इस वर्ष भी पांचमुखी, आठमुखी और नौमुखी रुद्राक्ष भक्तों को भेंट किए जाएंगे।पांचमुखी रुद्राक्षः साधना व भक्ति का वरदान, मानसिक शांति प्रदान करने वाला आठमुखी रुद्राक्षः सभी बाधाओं को दूर करने वाला, श्रीगणेश का स्वरूपनौमुखी रुद्राक्षः मां दुर्गा का प्रतीक, अदम्य शक्ति और विजय का आशीर्वाद देने वालानियम के अनुसार, प्रत्येक श्रद्धालु को केवल एक ही रुद्राक्ष दिया जाएगा।



### आयोजन का समय और स्थल

दिनांकः बुधवार, 1 अक्टूबर 2025समयः शाम 6:00 बजे से रात 8:00 बजे तकस्थानः मां काली मन्नता पंडाल, सीतापर रोड, रेडियंट स्कूल के पास, चौरईयहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था निशुल्क रहती है। किसी भी प्रकार का शुल्क या चंदा नहीं लिया जाता।

### आस्था और नगरवासियों की पहल

कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत और मुख्य आयोजक देवेंद्र जैन बताते हैं कि वे स्वयं एक जैन धर्मानुयायी होते हुए भी मां काली की आराधना करते हैं, क्योंकि "मां काली स्वयं उनके स्वप्न में प्रकट हुई थीं और विराजमान होने का आदेश दिया था।" उनका कहना है कि मां काली को यहां "मन्नतों की देवी" माना जाता है और भक्तों की हर सच्ची कामना यहां पूरी होती है। देवेंद्र जैन ने कहा कि आज से कई वर्ष पहले सीतापर रोड वीरान और सुनसान था, लोग यहां बसना नहीं चाहते थे। मां काली के आशीर्वाद से अब यही सड़क अत्यंत व्यस्त और महंगे प्लॉट्स वाली जगह बन चुकी है। यह सब मां काली का चमत्कार है।"

### निशुल्क भंडारा और प्रसादी

रुद्राक्ष वितरण के साथ प्रत्येक दिन फलाहारी भंडारे की परंपरा भी निभाई जाती है। विशेष रूप से रुद्राक्ष वितरण के दिन और काली माता विसर्जन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। सभी श्रद्धालुओं को यहां पूरी तरह निशुल्क प्रसादी उपलब्ध कराई जाती है।

### मन्नतों की मां काली – नगर का गौरव

चौरई नगर में मां काली का यह पंडाल अब धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आयोजन न सिर्फ नगर चौरई बल्कि पूरे छिंदवाड़ा और आस-पास के जिलों के लिए गौरव का विषय है। यहां की परंपरा हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है और सनातन धर्म की जीवनदायिनी संस्कृति को जीवंत बनाए हुए है।

### माँ जगत जननी की आकर्षक झांकियां..



सौंसर के सावता चौक में विराजी माँ जगत जननी की आकर्षक प्रतिमा।



श्री अष्ट देवी सेवा समिति इंदिरा आवास वार्ड नंबर 7 दमुआ में विराजित मां दुर्गा की अद्भुत प्रतिमा।



श्री दुर्गा मंदिर दमुआ में विराजी मातारानी की झांकी।



## 54 वर्षों से विराजित हो रही माता दुर्गा की प्रतिमा

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 5 के सहयोग से श्री जय भवानी रामायण मंडल द्वारा विगत 54 वर्षों से तहसील रोड पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है जो क्षेत्र वासियों के लिए विशेष आस्था का केंद्र है प्रथम बार सन 1969 में इस स्थान पर माता की प्रतिमा विराजित की गई थी इसके बाद लगातार माता की प्रतिमा इस स्थान पर विराजित की जा रही है। माता प्रतिमा का यह स्थान लोगों के लिए विशेष आस्था का केंद्र है और यह सिद्ध स्थान माना जाता है जहां पर भक्ति अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं और माता उन्हें पूरा करती है।

## बिन्द्रा कॉलोनी में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में बिन्द्रा कॉलोनी,नरसिंहपुर नाका छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मिंटू घई जी,अजय सक्सेना,धर्मेंद्र मिगलानी,सोनू जी के साथ ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,अतुल विश्वकर्मा,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,चंचलेश मालवीय, गौरव-सौरव मर्सकोले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,अनित साहू, विनय सानोडिया एवं समस्त समिति परिवार उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षों से धर्म का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है साथ ही सभी को जोड़ा जा रहा हैं।

### आधुनिक पद्धति से सब्जी उत्पादन की विधि जानी विद्यार्थियों ने

## शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में बैगलेस डे अंतर्गत गतिविधि आयोजित




हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

विकासखंड वारासिवनी अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में माह सितंबर 2025 की बैगलेस डे गतिविधि खेती की आधुनिक पद्धतियां के तहत 27 सितंबर को स्कूली छात्र-छात्राओं को आधुनिक पद्धतियों से की जा रही सब्जी की खेती का अवलोकन करवाया गया।

जिसके लिए संस्था प्रमुख सविता रिनायत के मार्गदर्शन में बच्चों को ग्राम नरोड़ी के समीपस्थ सब्जी उत्पादन फार्म ले जाया गया। जहॉ सब्जी उत्पादन कार्य में संलग्न सफल किसान ग्राम पंचायत नरोड़ी के पूर्व सरपंच शारदा प्रसाद शिव से फार्म के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

इस अवसर पर शारदा प्रसाद शिव ने बच्चों को संबोधित करते हुए किसान की मेहनत और आधुनिक पद्धति से खेती के लाभों पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों को बिस्कुट और लड्डू का वितरण किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक रूपसिंह उइके, धन्नालाल बिसेन सहित स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### खेत में खड़ी फसल पर डीएपी का प्रयोग ना करे- फूलसिंह मालवीय

## थानेगॉव में कृषक संगोष्ठी का आयोजन




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** कृषि विभाग के आत्मा परियोजना के तहत अंतर्गत वारासिवनी विकासखंड के ग्राम पंचायत थानेगॉव में किसान संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक विक्की पटेल, कृषि उपसंचालक फूलसिंह मालवीय, विशिष्ठ अतिथि के रुप में ग्राम पंचायत थानेगॉव सरपंच लक्ष्मीकांत बैस, प्रगतिशील किसान व भूतपूर्व सरपंच लिखनलाल बैस, ग्राम पंचायत के पंचगण एवम् किसान बंधु उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में उपसंचालक कृषि श्री मालवीय ने रासायनिक खाद डीएपी के प्रयोग पर प्रकाश डालते हुए धान की खड़ी फसल में डीएपी का प्रयोग न करने की सलाह दी गई साथ ही कृषकों को डीएसआर हेतु प्रोत्साहित करने के लिए तकनीकी सलाह दी गई। एईओ दिलेश खंडेलकर द्वारा मंच संचालन के माध्यम से कृषक बन्धुओं को कृषि यंत्र सुपर सीडर, स्प्रिंकलर, पाइप लाइन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषकों को तकनीकी सलाह दी गई। इस मौके पर विधायक विवेक पटेल ने किसानों को संबोधित करे हुए जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया।

कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक ऋषिकेश ठाकुर ने मृदा परीक्षण पर विस्तृत जानकारी कृषक बन्धुओ को दी, मिट्टी परीक्षण कैसे करे? कौन कौन से पोषक तत्व होते है, उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि महाविद्यालय की प्राध्यापक श्रीमती पूजा गोस्वामी ने प्राकृतिक खेती के साथ फसल में कीट व्याधि की जानकारी किसान बंधुओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती हमारे जीवन का आधार हैं, आज हम अपने प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए खेती को करने के लिए प्रेरित हो रहे है।

### उन्नत नस्ल के पशु पालने के लिए पशु विभाग की योजनाओं का लाभ ले- योगेन्द्र घोडेश्वार

कृषक संगोष्ठी में पशु चिकित्सा अधिकारी योगेंद्र घोडेश्वर द्वारा उन्नत नस्ल के पशुओं को पालने एवम् दुधारू नस्ल के पशु तथा पशु चिकित्सा विभाग की प्रमुख योजना के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत थानेगॉब के प्रगतिशील किसान व भूतपूर्व सरपंच लिखनलाल बैस द्वारा डीएसआर से धान फसल लगाने हेतु कृषक बन्धुओं को जानकारी दी गई।

### छत्तीसगढ़ से आये कलाकारों की अदभुत प्रस्तुति ने बांधा समां

## पांढरीपाठ दरबार में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

### हजारों की संख्या में पांढरीपाठ धाम पहुंच रहे श्रद्धालु भक्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** धर्मनगरी लांजी अंतर्गत ग्राम वारी के खराड़ी जलाशय की पहाड़ी पर स्थित मां पांढरीपाठ दरबार में शारदेय नवरात्रि के अवसर पर रोजाना ही विविध धार्मिक आयोजन संपन्न कराये जा रहे है। मंदिर में रोजाना ही क्षेत्र सहित अन्य राज्यों से भजन मंडली एवं कलाकारों द्वारा माता की सेवा में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार 27 सितंबर को पंचमी तिथि के अवसर पर छत्तीसगढ़ से मां पांढरीपाठ दरबार में पहुंचे कलाकारों ने माता के भक्ति गीतों सहित देश भक्ति के गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर मंदिर में परिसर में हजारो की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे और छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुति को बड़े ही श्रद्धा भाव से सुना। इसी बीच कलाकारों की प्रस्तुति के दौरान मंदिर में उपस्थित जनसमुदाय द्वारा लगातार माता के जयकारों की गूंज भी उनमें जोश भरने का कार्य कर रही थी। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई झाकियां भी लोगों के लिये आकर्षण का केंद्र बनी रही। जिसमें सामूहिक नृत्य, शेर पर सवार भारत माता झांकी, देश के जवानों द्वारा सीमा पर देश की रक्षा के लिये तैनाती से लेकर एकल नृत्य, गायकों की आकर्षक टोली दरबार में पहुंचे लोगों के पैर थामने के लिये काफी थी। जो भी श्रद्धालु भक्त माता की सेवा प्रस्तुत झांकियों और कलाकारों की प्रस्तुति को देखे उन्होने मुक्त कंठ से कलाकारों की सराहना की और ऐसे आयोजन के लिये मंदिर समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है की वारी ग्राम के खराड़ी जलाशय की पहाड़ी पर विराजमान मां पांढरीपाठ दरबार गौसेवा के लिये जिला सहित अन्य राज्यों में विख्यात है। नवरात्रि के अवसर पर माता के दरबार में हजारो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है और माता आर्शीवाद प्राप्त करते है। मां पांढरीपाठ दरबार में वैसे तो यहां स्थित सभी गौमाताओं से प्राप्त दूध से यहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं को सेवकों द्वारा चाय पिलाई जाती है परंतु नवरात्र के पावन अवसर पर लगातार महाप्रसाद का भी वितरण किया जा रहा है, जिसमें पुलाव, खीर एवं अन्य व्यंजन शामिल है।

### छत्तीसगढ़ राजस्थान महाराष्ट्र केरल एवं उड़ीसा के बीच कांटे का मुकाबला

## रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर छत्तीसगढ़ एवं केरल पुलिस तिरुवंतपुरम ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश



**हरिभूमि न्यूज उकवा ।** मॉयल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में 64वां मॉयल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितंबर 2025 से मॉयल ग्राउंड उकवा खान मे कराया जा रहा है । मुख्य अतिथि श्री निषाद निकोंसे खान प्रबंधक उकवा पांचवा दिन टूर्नामेंट का पहला मैच रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर छत्तीसगढ़ एंव राजस्थान पुलिस बीकानेर के मध्य खेला गया जिसमें रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर छत्तीसगढ़ कि टीम ने राजस्थान पुलिस बीकानेर की टीम को 3-1 गोल से परास्त कर विजय हासिल की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया इसी तरह टूर्नामेंट का दूसरा मैच बैंक ऑफ़ बड़ौदा मुंबई एवं केरल पुलिस तिरुवंतमपुरम के मध्य खेला गया जिसमे केरला की टीम ने 1-0 गोल दाग कर विजय हासिल की टूर्नामेंट के विशेष अतिथि श्री जयंता प्रधान उपखान प्रबंधक उकवा टेकचंद मदनकर सिक्योरिटी प्रमुख ओमेंद्र बिसेन श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला महासचिव गजानन मेश्राम छत्तीसगढ़ से हेमंत बाग विनय टांडी अजय बडोले राहुल धुर्वे प्रीतम यादव रवि सच्ची। आज खेले जाने वाले मैच मे पहला बैंक ऑफ़ बड़ौदा मुंबई महाराष्ट्र एव साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर के मध्य खेला जाएगा इसी तरह आज का दूसरा मैच राजस्थान पुलिस बीकानेर एव उड़ीसा स्टेट फुटबॉल टीम कटक उड़ीसा के मध्य खेला जाएगा आज रात्रि में आर्केस्ट्रा अलाप एंटरटेनमेंट की रंगारंग प्रस्तुति दी जायेगी। इन मैचो के मुख्य निर्णायक सुरेश विश्वकर्मा विकास वडकडे आरके गुप्ता गौरव पाचे कुलदीप रघुवंशी रोहित यादव नितेश मरावी मुकेश तिलासी शाहरुख कुरेशी। टूर्नामेंट का कवरेज श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार अशोक राउत आनंद गोदरे एवं संजना मोनुबर्वे ने किया ।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान : शिविर से गायब रहे विशेषज्ञ, सिर्फ दिखी खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में रविवार को 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था. इस शिविर में जिला अस्पताल बालाघाट और जिला मुख्यालय के ही प्राइवेट अस्पतालों के कुल 17 विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन इस शिविर में नाक-कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ विशेष नाग को छोड़कर जिला मुख्यालय बालाघाट से अन्य कोई विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं आया. जिससे कारण ऐसा प्रतीत हुआ कि यह शिविर महज खानापूर्ति के लिए आयोजित किया गया था. शिविर प्रभारी बीएमओ डॉ पंकज दुबे से जब शिविर में चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शिविर में शामिल होने वाले कई चिकित्सक प्राइवेट अस्पतालों से थे. इनमें किसी के पास इमरजेंसी केस था और कोई व्यक्तिगत कारण से नहीं आ पा रहा है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 24 सितंबर को एक आदेश जारी कर शिविर के लिए 17 विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई थी लेकिन इनमें से अधिकांश चिकित्सक बिना पूर्व सूचना के शिविर में नहीं आए. यह एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है जिसका खामियाजा ग्रामीण अंचलों से शिविर में आने वाली महिलाओं और बच्चों को भुगतना पड़ा।



दरअसल, 28 सितंबर को सरकारी अस्पताल में शिविर होना है इसकी जानकारी आशा कार्यकर्ताओं के जरिए गांव-गांव तक पहुंचाई गई थी लेकिन आज जब ग्रामीण अंचलों से महिलाएं और बच्चे शिविर में पहुंचे तो यहां विशेषज्ञों की बजाए कटंगी अस्पताल के ही स्वास्थ्यकर्मी उनकी जांच कर रहे थे. शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रितिका राणा, डॉ अपेक्षा गिरी, डॉ इन्द्रजीत भोयर नहीं आए तो कटंगी अस्पताल के डॉ विनोद भलावी महिलाओं की जांच कर रहे थे. शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष गिरी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ रोहित मर्सकोले, डॉ श्रेय जैन, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ भजन लिल्हारे, डॉ अंकित राणा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सारांश जैन, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ दीपिका शरणागत, दंत चिकित्सक डॉ तुषार लाम्बकाने, डॉ सुविधा महाजन, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ मिताली पारधी, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत जैन, फिजयोथैरिपी सुश्री शिवानी सोनी की डयूटी लगाई थी लेकिन यह शिविर में नहीं आए।

गौरतलब हो कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है. इसके पहले भी कई मौके पर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के मामले सामने आते ही रहते है. स्वास्थ्य विभाग में स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी लापरवाही के मामले में रिकार्ड तोड़ चुके है. 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत आयोजित होने वाले शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारी की अपने-अपने स्तर पर बरती गई लापरवाही के कारण यह शिविर केवल खानापूर्ति ही साबित हुआ. क्योंकि जिन लोगों ने रविवार को विशेषज्ञ सलाह की उम्मीद में शिविर में भाग लिया, उन्हें सामान्य जांच से ही संतोष करना पड़ा।

**खबर संक्षेप**

### यातायात पुलिस की ट्रांसपोर्टरों से अपील है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहनो का आवागमन ना करें

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** समस्त नगर वासियों से भी अपील है कि नवरात्रि पर्व के दौरान निम्न मार्ग पर चार पहिया वाहन का प्रवेश निषेध किया गया हैं अतः शुक्रवारी चौक, काली चौक से शुक्रवारी चौक मार्ग, गणेश चौक से शुक्रवारी चौक मार्ग, नगर पालिका से शुक्रवारी चौक नेहरू रोड मार्ग, घसियारी से शुक्रवारी रोड मार्ग, मठ तिराहा से दुर्गा चौक गिरजा कुण्ड मार्ग, मठ तिराहा से कटंगी नाका मार्ग, गांधी भवन कचहरी चौक से बरघाट नाका रेलवे क्रॉसिंग मार्ग पर चार पहिया वाहन का उपयोग न करें अन्यथा आपको असुविधा का सामना करना पड़ सकता हैं।

### बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ कर बनाये गमले, स्कूलों की सुंदरता बढ़ी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) के तहत जिले के शासकीय विद्यालयों में बच्चों की कल्पनाशीलता अनोखे रूप में सामने आई। जहाँ लोग कबाड़ को बेकार मानते हैं, वहीं विद्यार्थियों ने उसी से सुंदर गमले बनाकर सबको चौंका दिया। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान में छात्र-छात्राओं ने प्लास्टिक की बोतलें, टीन के डिब्बे और अनुपयोगी बाल्टियों को नया जीवन दिया। इन गमलों में लगाए पौधे न केवल विद्यालय प्रांगण को हरा-भरा बना रहे हैं, बल्कि कक्षाओं की शोभा भी बढ़ा रहे हैं। विशेष बात यह है कि इस नवाचार को प्रतियोगिता का रूप दिया जा रहा है। बच्चों की सृजनात्मकता, सजावट और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को परखकर श्रेष्ठ विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा। इस पहल से बच्चों में पुनर्चक्रण की आदत मजबूत होगी और स्वच्छता को जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। विद्यालयों के हरे-भरे गलियारे और रंग-बिरंगे गमले अब बच्चों की मेहनत और कल्पनाशक्ति का प्रमाण बन गए हैं। सचमुच, यह गतिविधि स्वच्छता अभियान को केवल सफाई तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि इसे रचनात्मकता और प्रकृति प्रेम का उत्सव बना रही है।

### भीमगढ़ बाँध से छोड़ा जा रहा पानी, नदी तटीय क्षेत्रों के निवासियों से सतर्कता बरतने की अपील

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संजय सरोवर (भीमगढ़) जलाशय अपनी पूर्ण क्षमता पर पहुँचने के बाद रविवार सुबह 9 बजे से पानी छोड़ा गया है। बाँध का जलस्तर 519.38 मीटर दर्ज किया गया है। जल स्तर बढ़ने पर बाँध के गेट क्रमांक 4, 5 और 6 को एक-एक मीटर की ऊँचाई तक खोला गया है। इससे लगभग 16,132 घनफीट प्रति सेकंड तथा पावर हाउस से 500 घनफीट प्रति सेकंड जल प्रवाहित हो रहा है। इस प्रकार कुल 16,632 घनफीट प्रति सेकंड (458 क्यूमेक्स) पानी बैनगंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। जिला प्रशासन ने नदी तटीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सतर्क रहने और आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की अपील की है।

# शासकीय प्राथमिक शाला गाडरवारा वन संचालित हो रहा भगवान भरोसे

## नियम विरुद्ध रख लिया अतिथि शिक्षक जबकि कुल 13 बच्चों का ही है स्कूल में दाखिला

**केशव राय धनौरा** - मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य सडक पानी संचालित करने के लिए लगातार राशि आवंटित की जा रही है जिससे जनता को बिना शिकायत या समस्या के लाभ पहुंचाया जा सके वही निचले स्तर में अधिकारी कर्मचारी जमकर इन राशियों का बंदरबांट करने से भी नहीं कतरा रहे हम ज़मीनी हक़ीक़त की बात करें तो व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं देखा जा रहा है वही धनोरा ब्लॉक में आप जिस विभाग में नज़र डालें वहाँ गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार के नमूने देखने को मिलेंगे आज हम आदिवासी बहुल क्षेत्र धनोरा की शिक्षा विभाग की दास्ताँ बयां कर रहे हैं।

धनोरा विकासखंड के प्राथमिक शाला गाडरवारा बन में 27 सितंबर 2030 दिन शनिवार को शिक्षक रहे नदारत गाडरवाड़ा वन धनोरा विकास खंड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जिसका लाभ उठाते हुए वहां के शिक्षक हमेशा ही देरी से स्कूल पहुंचते है जिसकी जानकारी कई बार ग्रामीणों द्वार धनोरा बी आर सी जियन लाल सनोडिया को दी गई है लेकिन उनके द्वारा सिर्फ पंचनामा बनवाने की बात कही जाती है जिसके बाद कोई कार्यवाही नहीं की जाती जिसकी जानकारी स्वतंत्रमत ओर हरिभूमि के प्रतिनिधि को पहुंची तो उनके द्वार



बी आर सी - जियन लाल सनोडिया | जन शिक्षक सुरेश शाक्यवार

ग्राउंड जीरो में रिपोटिंग करते हुए पाया गया की स्कूल में कोई भी शिक्षक 11.40 तक उपस्थित नहीं पाया गया इसकी जानकारी तुरंत सहायक आयुक्त सिवनी लालजीराम मीणा ओर धनोरा बी आर सी जियनलाल सनोडिया को दी गई। जिनके द्वारा कार्यवाही करने की बात कही गई । जब 11.40 बजे अतिथि शिक्षक वंदना साहू स्कूल पहुंची तो उनसे वहां के प्रधान पाठक के बारे में पूंछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारे यहां प्रधान पाठक सुरेश शाक्यवार है और फिर धनोरा बी आर सी जियनलाल सनोडिया से पूछा गया तो उनके द्वारा रामसिंह यादव को प्रधान पाठक बताया जा रहा है अब सोचने वाली यह है की कौन सच्चा है और कौन झूठा?

### आखिर वहां प्रधान पाठक है कौन

आखिर क्यों छिपाया जा रहा प्रधान पाठक को कहीं जियनलाल सानोडिया प्राथमिक शिक्षक सुरेश शाक्यवार को बचाने का प्रयास तो नहीं कर रहे है? क्योकि प्राथमिक शिक्षक सुरेश शाक्यवार को नियम विरुद्ध बना दिया गया है जन शिक्षक। आखिर बी आर सी जियनलाल सनोडिया क्यों कर रहे है सुरेश शाक्यवार को बचाने का प्रयास?



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति वैशाली चौक खैरी टेक



प्रकाश नगर पार्क में विराजित काली मां

### मां के दरबार में आस्था का सैलाब

# गंज में माता शाकुम्भरी बनी आर्कषण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

पूरा शहर रोशनी से जगमगा रहा है और आकर्षक लाइटिंग लोगों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। शहर में जगह-जगह सजे माता रानी के दरबारों में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगने लगी है।

नवरात्र शुरू होते ही पूरे शहर में उत्सव का नजारा दिखाई दे रहा है। शहरवासी माता रानी की भक्ति में डूबे हुए हैं। शहर मे 150 के अधिक देवी पंडाल में माता की स्थापना की गई है। यहां माता रानी के जयकारों से गूंज रहे हैं। सुबह-शाम आरती के साथ घरों में भी पूजा अर्चना का सिलसिला चल रहा है। पूरा शहर रोशनी से जगमगा रहा है, और आकर्षक लाइटिंग लोगों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। शहर में जगह-जगह सजे माता रानी के दरबारों में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगने लगी है।

नगर के गंज मोहल्ले में माता शाकुम्भरी के दर्शन हो रहे हैं। समिति के अध्यक्ष गगन विश्वकर्मा ने बताया कि गंज मोहल्ले मे माता शाकुम्भरी स्थापना का यह 11 वां वर्ष है। हर वर्ष हम आदिशक्ति मां भवानी के अनेक रूपों की स्थापना करते हैं। इस बार हमारी समिति ने



माता शाकुम्बरी के स्वरूप की स्थापना हुई है। बताया जाता है कि उत्तर भारत की नौ देवी यात्रा मे सबसे अंत मे माँ शाकम्भरी देवी का ही नौवां दर्शन होता है मान्यता है इनके दर्शन पूजन से अन्न, फल, धन, धान्य और अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

शाकंभरी माता का रहस्य प्रकृति और जीवन को बचाने से जुड़ा है; पौराणिक कथाओं के अनुसार जब पृथ्वी पर भयानक अकाल पड़ा और सब कुछ सूख गया, तो माँ दुर्गा ने शाकंभरी रूप धारण किया।

उन्होंने अपने शरीर से सब्जियां, फल, जड़ें और पानी उत्पन्न किए, जिससे लोगों और प्रकृति की भूख व प्यास मिटाई जा सके। शाकंभरी का अर्थ है धारण करने वाली और वे अन्न व जल प्रदाता देवी हैं।

**अकाल से मुक्ति:** एक प्रमुख कथा के अनुसार, पृथ्वी पर भीषण अकाल पड़ा था, नदियाँ सूख गई थीं और अन्न खत्म हो गया था। इस संकट के समय, माँ दुर्गा ने शाकंभरी देवी का रूप लिया और अपनी शरीर से भोजन (शाक, फल, मूल) तथा जल उत्पन्न किया।

**दुर्गमासुर का वध:** एक अन्य मान्यता के अनुसार, दुर्गमासुर नामक दैत्य ने वेदों और पृथ्वी के संसाधनों को चुरा लिया था। माँ शाकंभरी ने अपने आंसुओं से धरती में वर्षा की और दुर्गमासुर का वध कर लोगों को कष्टों से बचाया।

**शताक्षी अवतार:** देवी का शताक्षी अवतार भी इसी से जुड़ा है, जहाँ उन्होंने 100 नेत्रों से धरती को देखा था और अकाल के समय अपने शरीर के विभिन्न अंगों से और फल उत्पन्न किए थे।

### किसानों के हित में शुरू हुई भावांतर योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

प्रदेश सरकार ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर योजना की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना है। यदि कोई किसान अपनी सोयाबीन फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) एमएसपी 5328 रुपये प्रति क्विंटल से कम कीमत पर बेचता है, तो सरकार उसकी भरपाई करेगी। योजना के तहत राज्य मंडी के औसत भाव और एमएसपी के बीच का अंतर किसानों के खाते में 15 दिन के भीतर जमा किया जाएगा।

किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 तक ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। भावांतर अवधि 1 नवम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। सरकार ने किसानों को मंडी में सोयाबीन बेचने की सुविधा दी जायेगी।

### नई दिल्ली में पीजी कॉलेज सिवनी की छात्रा हुई सम्मानित

सिवनी। निफा के 25 वर्षों के गौरवशाली यात्रा सिल्वर जुबली उत्सव में एनएसएस की छात्रा नीतू करवेती को भारत मंडपम नई दिल्ली में समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर समर्पण और जमीनी स्तर पर अपनी सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। 21 से 24 सितंबर 2025 आयोजन में सम्मिलित हुई नीतू करवेती मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरा या हमारी टीम का नहीं अपितु पूरे सिवनी जिले का है मेरे सम्मान का श्रेय प्राचार्य डॉक्टर रवि शंकर नाग, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ ज्योत्स्ना नावकर एवं मुझे हर परिस्थिति में मार्गदर्शन प्रदान करने वाले एनएसएस प्रोग्राम ऑफीसर्स प्रो गनेश कुमार मंतारे, डॉ पूनम अहिरवार को दिया।रचनात्मक संस्कृति और चेतना के लिए निरंतर कार्यरत नेशनल इंटीग्रेटेड फॉर्म ऑफ़ आर्टिस्ट एंड एक्टिविटीज ने अपनी गौरवमयी यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए इस अवसर पर भारत मंडपम दिल्ली में भव्य सिल्वर जुबली कार्यक्रम का आयोजन किया गया और साथ ही करनाल में राष्ट्र की सेवा एकता व अखंडता को समर्पित संस्थान नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट एंड एक्टिविटीज निफा की सिल्वर जुबली के अवसर पर आज करनाल की सडक़ों पर देश के कोने-कोने से अलग-अलग धर्म भाषा क्षेत्र के युवाओं ने विभिन्नता में एकता व अखंडता का संदेश दिया और राष्ट्रीयता के रंग बिखेरे। निफा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता रैली का सुखा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जोड़ो जोड़ो भारत जोड़ो भारत माता की जय नारे लगाते हुए भारत के केंद्र व राज्य शासित प्रदेशों के 700 से अधिक जिलों के लगभग 1200 युवा इस आयोजन में सम्मिलित हुए। सभी युवा अपने-अपने राज्य की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए हमारा उद्देश्य सदैव यही रहा है कि जरूरतमंदों तक पहुंच सके समझ में सकारात्मक बदलाव आए युवा पीढ़ी सेवा और जागरूकता की राह पर आगे बढ़े यह सम्मान हमें और अधिक जिम्मेदारी और उत्साह के साथ समाज के लोगों में काम करने की प्रेरणा देगी।

# धूमा पुलिस ने 5 वर्षीय बच्ची के अपहरण के आरोपियों को 6 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

### घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त

### अपहृत को आरोपियों के कब्जे से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा जिले में घटित होने वाले सभी गंभीर अपराधो पर पूर्ण रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के नेतृत्व में थाना धूमा पुलिस ने महज 06 घन्टो के भीतर 05 वर्षीय अपहत बालिका को आरोपियों के कब्जे से सकुशल छुडाने में सफलता प्राप्त की है।

घटनाप्रार्थीया निवासी टंकी मोहल्ला थाना धूमा द्वारा थाना उपस्थित आकर रिर्पोट लेख कराई कि उसकी पाँच वर्षीय नातिन घर के आंगन में खेल रही थी जहाँ से उसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर अपने साथ ले जा लिया गया है। प्रार्थीया की रिर्पोट पर थाना घूमा में अपराध क्र. 316/2025 धारा 137(2) बीएनएस का कायम किया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर अपहता की पता तलाश शुरु की गई। हाईवे पर लगे सीसीटीव्ही कैमरे को खंगाला गया। दो अलग-अलग पुलिस टीम बनाकर नागपुर एवं जबलपुर रवाना किया गया। दोनो टीमें रात भर अपता एवं आरोपी की तलाश करते रहे। साइबर टीम लगातार पुलिस टीम के सम्पर्क में रहकर तकनीकी सहयोग करती रही। मुखबिर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम महदेवरी का रुपेश यादव अपहता को अपने साथ जबलपुर लेकर गया है। मुखबिर सूचना पर कार्य करते हुये पुलिस टीम द्वारा जबलपुर पुलिस से समनवय स्थापित कर स्थानीय पुलिस एवं तकनीकी साक्ष्यो की सहायता से आरोपी रुपेश यादव को पकड़ लिया गया। आरोपी रुपेश यादव के साथ उसका भांजा यशवंत यादव भी था। आरोपियों के कब्जे से 05 वर्षीय अपहता को सकुशल दस्तयाव कर परिजन को सौपा गया।

# माता रानी की आकर्षक प्रतिमाओं के साथ नवरात्र की चहुं ओर मची धूम...

**सोनखार। नगर में विराजित आकर्षक दुर्गा प्रतिमाओं की आकर्षक झांकी मय सुंदर विद्युत साज सज्जा के साथ शारदेय नवरात्र के पावन अवसर पर भक्तिमय वातावरण चहूं ओर देखने को मिल रहा है**

विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली और केवलारी के मध्य मां वनदेवी बंजारी प्रांगण में 102ज्योति कलश के साथ नवरात्र पर्व पूर्ण भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है, मोहबर्रा ग्राम में काली महोत्सव चतुर्थ वर्ष निरंतर प्रतिवर्ष मोहबर्रा की श्रद्धालु मनाते आ रहे हैं, यहां विशेष आकर्षण का केंद्र भूत नगरी जिसको देखने के लिए क्षेत्रीय और आस पास के श्रद्धालुओं आते हैं,उगली प्रॉपर की बात की जाए तो यहां उगली नगर की महारानी की आकर्षक प्रतिमा और विद्युत साज सज्जा सबका मनमोह रही है।

त्रिमूर्ति प्रांगणबीजा टोला में माता रानी के नौ रूप साक्षात दर्शन दे रहे हैं, विद्युत साथ सजा के साथ सरेखा, खुर्सुरा और पां. छपारा क्षेत्र में भी ग्रामीण



अंचलों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा और दुर्गा प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, रात्रि में देवी जागरण, रामचरितमानस, देवी जस मंडल निकट ग्राम रुमाल घाट खरपडिया में भागवत कथा और श्री राम कथा का आयोजन बागडोंगरी में नवरात्र के पावन अवसर पर किया गया है, श्री श्री 1008 श्री हरि हरात्मक सर्व समाज महायज्ञ का हो रहा है आयोजन आगामी समय में उगली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरसुरा और सरेखा के मध्य पतित पावन पुंण्य शलीला मां बैन गंगा के पावन तट ही बैन गंगा संगम घाट इमली टोला हनुमान घाट में श्री हरि हरात्मक सर्व समाज महायज्ञ 2025 का आयोजन आगामी अगहन मास की द्वतिया से त्रयोदशी तिथि के मध्य 11 दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है।

इस दिव्य अनुष्ठान के संयोजक श्री श्री 1008 श्री परमहंसी अनुभवानंद महाराज जी के परम शान्निध्य में जगतगुरु दीनदयालाचार्य दुर्गाकुंड काशी आपकी उपस्थिति में व्यास पीठ पर निकट जिले निकट राज्य उत्तर प्रदेश के इटावा जिले से हमारे बीच में वयो वृद्ध रामायणी क्रांति दूत राघव किशोर जी और श्री वृंदावन धाम की रामायण मानस कोकिला मीरा दीदी के मुखारविंद से भागवत कथा के वाचन को भक्त गण श्रवण पान करेंगे यह दिव्य अनुष्ठान 11 कुंडीय है,विशेष आकर्षण का केंद्र यज्ञशाला जो बाहर के कारीगरों के द्वारा निर्मित की जाएगी प्रतिदिन यज्ञ हवन तत्पश्चात दोपहर और रात्रि में महिला और पुरुष अलग-अलग प्रवक्ताओं के द्वारा भागवत कथा में भगवान की चरित्रावली का वर्णन किया जाएगा प्रतिदिन महाप्रसाद भंडारे के साथ मां गंगा की भक्ति मय महा आरती का आयोजन समिति के द्वारा किया गया है।

# छपारा पुलिस ने दलित अत्याचार के आरोपियों को गिरफ्तार कर, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

दिनांक 24.09.2025 को प्रार्थी श्यामलाल पिता छतकुमार अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सादक सिवनी थाना छपारा जिला सिवनी ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 24.09.2025 को आरोपीगण मेहरवान सिंह ठाकुर, नरेश ठाकुर एवं नारायण यादव व्दारा प्रार्थी, उसकी माँ विस्सो बाई व भतीजा दयाराम अहिरवार को दुर्गा मंदिर के अंदर जाकर पूजा करने की बात को लेकर जाति सूचक शब्दो से अपमानित करते हुए मां बहन गंदी गंदी गालिया देकर जान से मारने की धमकी दिये एवं सार्वजनिक मंदिर में पूजा करने से मना करने की रिपोर्ट पर धारा- 296, 351(2), 3 (क) नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले के आरोपीगणो को शीघ्रता से गिरफ्तार करने हेतु आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में कार्यवाही करते हुए तीन पुलिस टीम गठित की जाकर आरोपियो की तलाश पतासाजी ग्राम सादक सिवनी, बर्रा, मारबोडी, सिवनी, छिन्दवाडा एवं जबलपुर में सम्भावित स्थानो में लगातार की जाकर एवं आरोपीगणो के निवास स्थान पर लगातार दबिश दी गई। प्रकरण के आरोपीगण घटना के बाद से ही फरार हो गए थे एवं विभिन्न संगठनो व्दारा आरोपीगणो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था। दिनांक 27.09.2025 को आरोपीगणो मेहरवानसिंह ठाकुर, नरेश ठाकुर, नारायण यादव सभी निवासी ग्राम सादक सिवनी थाना छपारा जिला सिवनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपियो को जिला जेल सिवनी में दाखिल किया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही से पीडित पक्ष एवं सभ्य जन नागरिको में प्रशासन के प्रति विश्वास जागृत हुआ है।

शासन की मंशा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगो पर होने वाले अत्याचार को रोकने एवं उनके अधिकारो की रक्षा करने की है। पुलिस प्रशासन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के अधिकारो की रक्षा करने एवं उनके विरूद्ध होने वाले अत्याचार रोकने के लिये प्रतिबद्ध है। अगर किसी व्यक्ति व्दारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ कोई अत्याचार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

### सहायक आयुक्त लालजी राम मीणा ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

# भ्रष्टाचार में लथपथ प्राचार्या नाजमीन खान के ऊपर आखिर अब हो सकती है कार्यवाही

**केशव राय धनौरा** - सिवनी जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र धनोरा मुख्यालय में शासकीय कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या नाजमीन खान के द्वारा अगस्त माह में अतिथि शिक्षक भर्ती में नियम को दरकिनार कर अपने हितेषियों को भर्ती कर लिया गया था जिसे 2 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक नियमानुसार भर्ती प्रक्रिया नहीं करायी गई अपितु बिना डी एड बी एड के शिक्षकों की तक भर्ती कर लिया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन अतिथि शिक्षकों की नियम विरुद्ध भर्ती की गयी है उन में से एक शिक्षक को राजनैतिक दबाब में आकर प्राचार्या नाजमीन खान के द्वारा मौखिक रूप से निकाल दिया गया यंहा तक की माह भर स्कूल में कार्य कराया गया पर वेतन का भुगतान किये बिना ही उसे ये बोलकर निकाल दिया गया कि आपको कही आसपास के स्कूल में पदस्थ करा दिया जायेगा और उसके स्थान पर किसी और को रख लिया गया ।

सूत्र तो ये भी बताते हैं की प्राचार्या नाजमीन खान के द्वारा नियम विरुद्ध भर्ती की गयी थी उसमे जाँच टीम गठित हुई थी और जाँच




टीम के द्वारा भर्ती प्रक्रिया को नियम विरुद्ध पाया गया था जिसमे जाँच टीम के द्वारा जाँच प्रतिवेदन में स्कूल के सभी शिक्षकों के हस्ताक्षर कराये गए थे जिससे बौखलाई नाजमीन खान के द्वारा शिक्षकों को फटकार भी लगायी गई थी। सूत्रों की माने तो प्राचार्या नाजमीन खान का राजनीति में और उच्च अधिकारियो से सांठ गांठ होने के कारण कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती। समाचार पत्र के धनोरा प्रतिनिधि केशव राय पवन अहिरवार



जब सहायक आयुक्त लालजीराम मीणा से मिले और नियम विरुद्ध भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में अवगत कराया तो उनके द्वारा जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

देखना अब यह होगा की आखिर कब तक नाजमीन खान के ऊपर कार्यवाही की जाती है या यूँ ही अमर सिंह उईके की तरह लालजीराम मीणा भी झूठा आश्वासन देते रहेंगे और धनोरा कन्या स्कूल में नाजमीन खान का दबदबा बना रहेगा या शीघ्र होगा तबादला।

### इनका कहना है

जाँच प्रतिवेदन सहायक आयुक्त महोदय को भेज दिया गया है जिसमे शीघ्र कार्यवाही हेतु अग्रेषित है।

**बी डी ओ-श्री नीरज दुबे**

### कार्रवाई : 98 हजार रुपए भी किए जब्त
## पांडूतला लूट के पांचों आरोपियों को पुलिस ने दबोचा





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने पांडुतला टोल प्लाजा में हुई लूट और तोड़फोड़ मामले का खुलासा कर दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी संतोष के पांच दोस्तों और रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने उनके पास से 98 हजार रुपए, दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। हालांकि, मुख्य आरोपी संतोष और अन्य फरार हैं।

यह घटना 19 सितंबर की रात गढ़ी थाना क्षेत्र में हुई थी। ओवरलोड वाहनों के टोल टैक्स को लेकर टोल कर्मचारियों और वाहन चालकों के बीच विवाद शुरू हुआ था। इसके बाद संतोष और उसके साथ एक दर्जन से अधिक आरोपियों ने टोल प्लाजा पर दो कर्मचारियों के साथ मारपीट की, कंप्यूटरों में तोड़फोड़ की और एक लाख रुपए से अधिक की नकदी लूट ली थी। इस संबंध में मुरैना निवासी टोल प्लाजा मैनेजर वरुण प्रताप सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी।

गढ़ी थाना प्रभारी भूपेंद्र पंद्रो के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए मंडला जिले के ब्रह्मनी अहमदपुर निवासी रंजीत साहू, ब्रह्मनी के चौरंगा निवासी गणेश साहू, चारटोला निवासी मुकेश सैयाम, बिछिया के सारसडोली निवासी अजय कोकड़िया और पड़रिया निवासी सुदर्शन धुर्वे को गिरफ्तार किया। आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### एस.सी.आई. कूपों में उपचार कार्य के नाम पर जमकर लूटमार, बीटगार्ड, रेंजर सब भ्रष्टाचार के मकड़जाल में
## लौंगुर रेंज बनी लूट का अड्डा!

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालय वन परिक्षेत्र लौंगुर दक्षिण वनमंडल सामान्य बालाघाट की सबसे मलाईदार रेंजो में सुमार मानी जाती हैं। यही कारण हैं कि बालाघाट रेंज में पदस्थ पूर्व वन परिक्षेत्र अधिकारी धमेन्द्र बिसेन लौंगुर रेंज का अतिरिक्त प्रभार ले रखे थे तथा इस रेंज को झपट लेना चाहते थे, किन्तु स्थानांतरण नीति के चलते उन्हें इस मलाईदार रेंज से हाथ धोना पड़ा, वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी वारासिवनी छत्रपाल जादौन के खासमखास माने जाने वाले तत्कालीन वन मंत्री रामनिवास रावत को उप चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। इसी कारण अपनी पदस्थापना कराने में जादौन नाकाम रहें। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक हैं कि लौंगुर वन परिक्षेत्र जो कि घने वन क्षेत्रों के लिए जाना जाता हैं। यहां पर शासकीय कार्य जैसे रखरखाव के हो या अन्य पक्के भवन निर्माण कार्य हो, भारी अनियमिततायें बरत कर काली कमाई की जाती हैं।



#### सब पर भारी पड़े रेंजर विवेक बघेल

लौंगुर वन परिक्षेत्र में अपनी पदस्थापना कराने के लिए कई वरिष्ठ रेंजर राजधानी भोपाल के चक्कर लगाते रहें किन्तु इन सब पर जूनियर विवेक कुमार बघेल भारी पड़ गये, अपनी पदस्थापना करा ली गई। पदस्थापना के बाद उनके द्वारा कूपों में स्वीकृत रखरखाव कार्यों में भ्रष्टाचार का खुला खेल जारी कर दिया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार तीनों सर्किलों के कूपों में लेंटाना उन्मूलन के नाम पर फर्जी प्रमाणक भरे गये हैं। जबकि कई कूपों में लेंटाना है ही नही, इसी तरह अन्य कार्यों में मजदूरों के नाम प्रमाणक भरे गये हैं जबकि वह कार्य सुरक्षा श्रमिकों से कराये गये। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा हैं कि उपरोक्त सभी कार्यों की उच्चस्तरीय जांच होती हैं तो भ्रष्टाचार का बड़ा मामला उजागर होगा।

### 30 सितंबर को नैतरा में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**बालाघाट।** लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नैतरा पिपरिया में खिलाड़ियों के प्रतिभावान को उभारने के लिए 30 सितंबर को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें क्रिकेट टूर्नामेंट की प्रवेश शुल्क1100 रूपए हैं जिसमें प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। क्रिकेट आयोजन में सत्यम राहंगडाले, मनीष भोयर, नितेश भोयर, त्रिकेश परते, विजय मर्सकोले, शिवम राहंगडाले देवेंद्र बगारे, अंश बागडे सुमित राहंगडाले,आर्यन मड़ावी, वंश बिसेन, नितिन उईके, मनीष उईके, प्रियांशु मर्सकोले,कमलसिंह, संदीप बगारे, नीरज नागभिड़े, निर्भय, प्रवीण, आदर्श वरकड़े, नितिन बिसेन ने सभी लोगों से अधिक से अधिक आयोजन में पहुंचने की अपील की है।

## खुरमुंडी की संगीता का पंचायत में किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाड़ा क्षेत्र के ग्राम खुरमुंडी की रहने वाली संगीता पति आनंद गजभिये 41 वर्ष ने संविदा शिक्षक वर्ग-दो की परीक्षा में संस्कृत विषय से प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने गांव सहित जिले को गौरवान्वित किया हैं। रविवार को ग्राम पंचायत खुरमुंडी के भवन में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम सरपंच राजेश्वरी अर्मो के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता सावन यादव ने की। इस अवसर पर संगीता गजभिये का मौजूद लोगों ने बारी-बारी से स्वागत किया और उनकी मेहनत की सराहना की। सरपंच राजेश्वरी अर्मो ने कहा कि संगीता गजभिये गरीब परिवार से है। स्व सहायता समूह में अध्यक्ष रहकर बेहतर कार्य कर रही थी। इसके बाद भी घर में रहकर संविदा शिक्षक वर्ग-दो की तैयारी कर रही थी। इस परीक्षा के लिए उन्होंने कोई कोचिंग कक्षा नहीं गई, फिर भी प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह गांव सहित जिले के लिए गौरव की बात हैं। संगीता ने कहा कि पति, दो बच्चे है और समूह की अध्यक्ष भी है। इसके बाद घर में जब भी समय मिलता परीक्षा की तैयारी करती। परीक्षा परिणाम आने पर बहुत खुशी मिली है। संगीता की इस सफलता पर सुनीता यैगारे, पत्रकार अशोक यैगारे, महेश मेश्राम, गंगाराम मेश्राम, केशर बाई मेश्राम, सरपंच राजेश्वरी अर्मो, उपसरपंच मुनेश्वर महाजन, सहायक सचिव सावन यादव, महिला स्व सहायता समूह सीएलएफ अध्यक्ष बिरजोला टेकाम, उर्मिला ढोढरे सीलएफ प्रबंधक, कृषि सखी सुनैना यादव, स्कूल के शिक्षकों के अलावा 110 समूह की महिलाओं ने उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## बालाघाट-गोंदिया नेशनल हाईवे मार्ग पर फिर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा, गर्भवती पत्नी की मौत।

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट-गोंदिया हाईवे एक बार फिर हादसों का मार्ग साबित हुआ है। रविवार को हुए एक सड़क हादसे में मायके से पति के साथ लौट रही एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। इस घटना में महिला के पति को चोटें आई हैं, जबकि उनका दो वर्षीय बेटा सुरक्षित है।

यह घटना लालबर्रा थाना क्षेत्र के डोंगरिया के पास उस समय हुई, जब महाराष्ट्र के गोंदिया निवासी अजय मोसकुसरे अपनी पत्नी दीपा और बेटे हार्दिक के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल लौट रहे थे। उनकी मोटरसाइकिल सड़क के बीच खड़ी एक कार से अनियंत्रित होकर टकरा गई।



टकराव के बाद दीपा, अजय और उनका बेटा सड़क पर गिर गए। दीपा के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें आईं और नाक-कान से खून बहने लगा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने दीपा को मृत घोषित कर दिया, जबकि अजय का माथे और शरीर के अन्य हिस्सों में आई चोटों का इलाज किया गया।

अजय मोसकुसरे 27 सितंबर को अपनी पत्नी और बेटे के साथ बिरसोला आए थे, जहां उनके साले की शादी का पहला कार्यक्रम था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे 28 सितंबर को अपने घर लौट रहे थे। इस दुखद घटना से परिवार में खुशी का माहौल गम में बदल गया है। अस्पताल चौकी प्रभारी शिवदयाल पटले ने बताया कि अस्पताल की तहरीर पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मर्ग डायरी घटना से संबंधित थाना क्षेत्र को भेजी जाएगी, जहां से आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बालाघाट-गोंदिया हाईवे पर बीते तीन महीनों में यह तीसरी बड़ी घटना है। इन हादसों में अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जिससे इस मार्ग की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### कांच मंदिर से निकली यात्रा अंबा माई में माता रानी को अर्पित की चुनरी
## शिक्षा विभाग ने सातवें वर्ष भी निकाली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



नारी शक्ति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के मौके पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिक्षा विभाग के द्वारा 'चुनरी यात्रा' निकाली गई. शिक्षा विभाग ने वर्ष 2019 में सांस्कृतिक और सामाजिक पहल करते हुए चुनरी यात्रा की शुरुआत की थी. जिसे बीते 06 वर्षों में परंपरा का स्वरूप दिया जा चुका है. नवरात्रि के सातवें दिन रविवार 28 सितंबर को कटंगी शहर के अर्जुननाला स्थित कांच मंदिर में विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ माता रानी की पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा की शुरूआत की गई. 09 किमी. दूर अंबा माई में यात्रा ने विराम लिया. जहां सभी धर्म प्रेमियों ने सामूहिक रूप से मातारानी को चुनरी अर्पित की. सुबह 10 बजे शिक्षक और शिक्षिकाओं ने मंदिर में माता रानी की पूजा-अर्चना की. चुनरी यात्रा में शिक्षक-शिक्षिकाओं के परिजनों के अलावा धर्मप्रेमियों ने भी उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. यात्रा में देवी-देवताओं की जीवंत झांकियां और चलित धार्मिक आर्केस्ट्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र है. यात्रा में शामिल भक्त माता रानी के जयकारों और भजनों को गाते हुए पैदल ही अंबामाई की तरफ बढ़े और दोपहर करीब 03 बजे अंबामाई मंदिर पहुंचकर माता रानी को चुनरी अर्पित की0. बता दें कि यात्रा जहां-जहां से होकर गुजर रही है धर्म प्रेमियों के द्वारा जगह-जगह पर पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत सत्कार किया जा रहा है. अंबा माई में माता रानी को चुनरी अर्पित करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि खुशहाली की कामना की गई।

## "अभिमन्यु-3" अभियान के तहत मलाजखंड थाना स्टाफ ने चलाया जागरूकता अभियान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) भोपाल , पुलिस अधीक्षक बालाघाट , एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर के आदेशानुसार 28 सितंबर को मलाजखंड थाना के अंतर्गत मोहगांव बस स्टैंड में नागरिकों को अपराधों, घरेलू हिंसा की रोकथाम एवं महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर नियंत्रण करना हेतु विशेष जागरूकता अभियान "अभिमन्यु-3" के तहत फोटो चस्पा कर मोहगांव बस स्टैंड में जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अभियान में मलाजखंड थाना प्रभारी नरेंद्रसिंह यादव के निर्देशन एवं सहायक उपनिरीक्षक सुलेखा मरकाम, कलीराम उयके, आर 744 मीना ईनवाती एवं थाना स्टॉप के द्वारा अभियान चलाया गया।

### 10वे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर मुख्यमंत्री ने आयुष चिकित्सकों को दी सौगात

**बालाघाट।** दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इन घोषणाओं में चतुर्थ स्तरीय वेतनमान (डीएसीपी) 6600 ग्रेड पे पाने वाले आयुष चिकित्सकों को वरिष्ठ पदनाम और प्रथम श्रेणी अधिकारी घोषित करना, पीजी डिग्री धारक चिकित्सकों को तीन अतिरिक्त वेतन वृद्धि देना, प्रदेश में 12 नए आयुष अस्पतालों की स्थापना तथा आयुष महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग में नए पदों का सृजन शामिल है। राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ मध्यप्रदेश की बालाघाट इकाई ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## किरण त्रिवेदी लोकसभा प्रभारी नियुक्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मांशानुसार दिनाँक 29 अगस्त से 25 दिसंबर के मध्य सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है I लोकसभा संसदीय क्षेत्र बालाघाट -सिवनी मे सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन हेतु किरन भाई त्रिवेदी को लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है।

किरण भाई त्रिवेदी ने लोकसभा प्रभारी नियुक्त होने पर सश्नेहिल प्रधानमंत्री जी एवं सांसद भारती पारधी जी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन पर जो विश्वास करके उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी गई है उसका वे पूरी ईमानदार निष्ठा लगन और तन मन धन से पालन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं किरण भाई के चाहने वाले राजनीतिक धार्मिक व्यवसायिक सामाजिक के साथ-साथ खेल प्रेमियों ने इस अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सीटीयू रूपांतरण एवं स्वच्छता के लिए बालाघाट नपा ने की अपील




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगरपालिका परिषद् बालाघाट द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएँ उपलब्ध कराने एवं शहर को और स्वच्छ तथा सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में 28 सितंबर को वार्ड क्रमांक 03, बैहर रोड स्थित शारदा मंदिर के पास निर्मित सीटीयू तथा वार्ड क्रमांक 23, वैंनगंगा क्लब के सामने निर्मित सीटीयू का रूपांतरण एवं नवीनीकरण कार्य किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बीडी कतरोलिया ने बताया कि नगरपालिका परिषद बालाघाट का संकल्प है कि सभी नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक सुविधा उपलब्ध कराई जाए जिससे कि खुले में शौच एवं गंदगी फैलाने की प्रवृत्ति को पूर्णतः समाप्त किया जा सके।

नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा जिले के नागरिकों से अपील की गई है की सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का कचरा, गंदगी या अपशिष्ट पदार्थ न फेंके। सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थानों पर साफ-सफाई बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। जो नागरिक ऐसे स्थानों में कचरा फेंकते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

## क्षमता से अधिक सवारियां बिठाने एवं बगैर फिटनेस की बसे चलाने वालो पर परिवहन विभाग ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला परिवहन विभाग द्वारा 28 सितंबर को लांजी से हैदराबाद जाने वाली बसों पर चालानी कार्यवाही के साथ साथ स्कूल बसों की फिटनेस जाँच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गड़पाल ने बताया कि 28 सितंबर को विभाग द्वारा लांजी से हैदराबाद जाने वाली बसों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि बसों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई गई थी। परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत बसों के संचालको पर 25 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। इसके साथ ही बसों की फिटनेस जाँच के दौरान क्रिएटिव स्कूल भोरगढ़ की 03 बसों के बिना फिटनेस परमिट होने पर जब्ती की कार्यवाही की गई।

### 29 सितंबर से 02 अक्टूबर तक वारासिवनी में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

**बालाघाट।** आयुक्त, हाथकरघा एवं हस्तशिल्प भोपाल एवं कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार ''स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान 2025'' (दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025) अंतर्गत वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, बुनकर बाहुल्य क्षेत्र वारासिवनी में 04 दिवसीय हाथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी 2025 का आयोजन स्थान- जैन धर्मशाला (दादाबाड़ी) मेनरोड वारासिवनी में दिनांक 29 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी का समय दोपहर 01 बजे से रात्रि 08 बजे तक है। इस प्रदर्शनी में बुनकरों एवं शिल्पियों द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट वस्त्रों एवं उत्पादों का प्रदर्शन सह विक्रय किया जावेगा।

प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण डिजाईनर कोसा, रेशमी, सूती साड़ियॉ एवं ड्रेस मटेरिलय, कलात्मक बांस शिल्प उत्पाद, टेराकोटा एवं माटीशिल्प के सामान एवं लकड़ी के सजावटी सामान पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट के साथ विक्रय हेतु उपलब्ध है।

## मॉयल दुर्गाउत्सव भरवेली में सांस्कृतिक स्पर्धा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सार्वजनिक दुर्गाउत्सव मॉयल भरवेली के तत्वावधान में शनिवार को रंगारंग संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पर्धा का भव्य आयोजन हुआ। स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उनका उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने लोकगीतों व आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित श्रोताओं ने कलाकारों की हर प्रस्तुति पर जमकर तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता दो आयु वर्गों—3 से 11 वर्ष और 11 से 18 वर्ष—में आयोजित की गई। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ कलाकार बसंत रामेकर, दीपक भट्ट और प्रवीण नागेश्वर शामिल रहे। विजेताओं को नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। 3 से 11 वर्ष वर्ग में जीनियस स्कूल प्रथम, सनराइज स्कूल द्वितीय और विजलेंस स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 11 से 18 वर्ष वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भरवेली ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि सनराइज स्कूल और आरएनटी स्कूल क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

विजेता टीमों को क्रमशः 7,000, 4,500 और 3,500 रुपये की नगद राशि दी गई, जबकि सभी प्रतिभागी स्कूलों को 2,000 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की गई। निर्णायक मंडल के सदस्यों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मॉयल के अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक उम्मेद सिंह भाटी और खान प्रबंधक विवेक कुमार ने कहा कि मॉयल सदैव नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने में अग्रणी रहा है। इसी परंपरा को बनाए रखते हुए दुर्गाउत्सव में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव विनय राहंगडाले, सचिव मंगेश डहाके, कोषाध्यक्ष मोहसिन खान, सहसचिव नरेन्द्र महेश तथा उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरे तीन घंटे चले इस आयोजन का संचालन प्रभावशाली शैली में श्रीमती निजहत खान ने किया। भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।